खराब मौसम चीनी मिलों का लेट कर सकता है गन्ना पेराई सत्र

मेरठ ब्यूरो

Updated Mon, 10 Oct 2022 12:36 AM IST

शामली क्षेत्र के गांव मालेंडी में गन्ना तोल केंद्र पर कांटा लगाते मिल अधिकारी व समिति सचिव। - फोटो : SHAMLI

खराब मौसम कर सकता है गन्ना पेराई सत्र में देरी

शामली। अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में खराब मौसम से गन्ने की रिकवरी प्रभावित हुई है। जिले की शामली और थानाभवन चीनी मिलों ने 28 अक्तूबर और ऊन मिल ने चार नवंबर से अपना पेराई सत्र शुरू करने की औपचारिक घोषणा की है। जिले की शामली, थानाभवन और ऊन मिल के तौल केंद्र लगने शुरू हो गए हैं। शामली चीनी मिल का बॉयलर पूजन सोमवार सुबह होगा। मौसम साफ रहा तो अक्तूबर में मिल चालू हो जाएगी। खराब मौसम से पेराई सत्र पिछड़ने की आशंका है।
पिछले साल थानाभवन मिल ने सात और शामली चीनी मिल ने आठ नवंबर और ऊन चीनी मिल का पेराई सत्र 14 नवंबर को शुरू हुआ था। इस बार शामली और थानाभवन चीनी मिल में पेराई सत्र 28 अक्तूबर और ऊन मिल का आगामी चार नवंबर से पेराई सत्र चलाने की तैयारियां हो रही हैं। मगर इस साल नए पेराई सत्र की तैयारियां आधी अधूरी हैं। ऊन और थानाभवन मिल की ओर बॉयलर पूजन की तिथि घोषित नहीं की गई है। इस बार अक्तूबर में बूंदाबांदी और खराब मौसम चीनी मिलों का परेशानी का कारण बनता जा रहा है। गन्ना रिकवरी कम आ रही है। चीनी मिलों का 75 प्रतिशत मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है।

शामली चीनी मिल अपने क्षेत्र में 17 कांटे, ऊन मिल 20 कांटे, थानाभवन मिल 44 कांटे लगा चुका है। शामली चीनी मिल ने इसी सप्ताह तीन और चार अक्तूबर को

रिकवरी की जांच कराई जो 7.25 प्रतिशत आई है। आठ और नौ अक्तूबर को हुई बूंदाबांदी और खराब मौसम से गन्ना रिकवरी और कम होगी। थानाभवन चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि जल्द ही मौसम सामान्य हो गया तो अगले सप्ताह चीनी मिल का बॉयलर पूजन करा दिया जाएगा। मौसम साफ होने के बाद गन्ना रिकवरी टेस्ट किया जाएगा।
ऊन चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक कुलदीप पिलानिया ने बताया कि मिल की ओर से गन्ना खरीद के लिए कांटे लगाए जा रहे हैं। बॉयलर पूजन तिथि तय नहीं हुई है।
शामली चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक सुशील खोखर ने बताया कि नए पेराई सत्र चालू करने के लिए कांटे लगाए जा रहे हैं। इसी माह के आखिर तक चीनी मिल चालू करने की तैयारी चल रही है। आगामी दिनों में तेज बारिश हो गई तो पेराई सत्र लेट हो सकता है।
--
बूंदाबांदी पेराई सत्र को नहीं करेगी प्रभावित
डीसीओ विजय बहादुर सिंह ने बताया कि अक्तूबर की बूंदाबांदी और खराब मौसम चीनी मिलों के पेराई सत्र को प्रभावित नहीं कर रहा है। तेज बारिश गन्ने की रिकवरी को प्रभावित करता है। धूप निकलने के बाद रिकवरी प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी। साढ़े आठ प्रतिशत रिकवरी पर चीनी मिलों का पेराई सत्र चालू हो जाएगा।
--
कोल्हूओं पर गन्ना मूल्य 250 रुपये क्विंटल, रिकवरी 9 प्रतिशत
कोल्हू संचालक और किसान नेता विदेश मलिक ने बताया कि कोल्हुओं में गन्ने की रिकवरी नौ प्रतिशत आ रही है। कोल्हुओं पर 250 क्विंटल गन्ना का खरीदा जा रहा है।
--
मिलों के गन्ना खरीद केंद्रों पर कांटे लगाने की स्थिति
मिल कांटे की संख्या लगाए गए कांटे
शामली 31 17
ऊन 85 20
थानाभवन 75 44

शामली क्षेत्र के गांव मालेंडी में तैयार किया गया गन्ना क्रय केंद्र।- फोटो : SHAMLI